फाइल नं0-71-1002(002)/12/2022

128/2023/I/388072/2023

प्रेषक,

एस0 पी0 सिंह,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊः दिनांक 14 सितम्बर, 2023

विषयः- वित्तीय वर्ष 2023-24 में केन्द्र पुरोनिधानित योजना (फेज-2) के अंतर्गत राजकीय मेडिकल कालेज, प्रयागराज में 49 पी0जी0 सीटों की वृद्धि के सापेक्ष उपकरणों के क्रय हेतु धनराशि अवमुक्त किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदया,

उपर्युक्त विषयक प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज, प्रयागराज के पत्र संख्या-पर्चेज/2023/1711-12, दिनांक 27.06.2023 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा राजकीय मेडिकल कालेज, प्रयागराज में 49 पी0जी0 सीटों की वृद्धि के सापेक्ष विभागवार उपकरणों की सूची रू0 14.11 करोड़ उपलब्ध करायी गयी है।

2- अवगत कराना है कि अनु सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या–यू014017/146/2019-एमई-।।/8035777, दिनांक 25.08.2022 द्वारा केन्द्र पुरोनिधानित योजना (फेज-2) के अंतर्गत राजकीय मेडिकल कालेज, प्रयागराज में 49 पी0जी0 सीटों की वृद्धि हेतु रू0 58.80 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गयी है। उक्त योजना का फण्डिंग पैटर्न 60:40 (केन्द्रांश+राज्यांश) है। फ़ण्डिग पैटर्न के अनुसार भारत सरकार द्वारा रू0 35.28 करोड़ केन्द्रांश के रूप में तथा राज्य सरकार द्वारा रू0 23.52 करोड़ राज्यांश के रूप में अवमुक्त किया जाना है।

3- उल्लेखनीय है कि शासनादेश संख्या-48/2023/I/293864/2023-71-1002/19/2022, दिनांक 27.03.2023 द्वारा राजकीय मेडिकल कालेज यथा-आजमगढ़, जालौन, बांदा, सहारनपुर, प्रयागराज, मेरठ, आगरा एवं गोरखपुर में पी0जी0 सीटों की वृद्धि के सापेक्ष कुल रू0 89.5248 करोड़ (राज्यांश) महानिदेशक, चि0शि0 के निर्वतन पर रखी गयी। उक्त शासनादेश दिनांक 27.03.2023 द्वारा राजकीय मेडिकल कालेज, प्रयागराज हेतु रू0 23.52 करोड़ राज्यांश के रूप में रक्षित की गयी।

4- **इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में** राजकीय मेडिकल कालेज, प्रयागराज में 49 पी0जी0 सीटों की वृद्धि **हेतु विभागवार उपकरणों सूची**, लागत रू0 14.11 करोड़ (संलग्नक के अनुसार) अनुमोदित करते हुए उपरिसन्दर्भित शासनादेश दिनांक 27.03.2023 द्वारा राजकीय मेडिकल कालेज, प्रयागराज में 49 पी0जी0 सीटों की वृद्धि के सापेक्ष महानिदेशक, चि0शि0 के निर्वतन पर रक्षित धनराशि कुल रू0 23.52 करोड़ में से रू0 10.6789 करोड़ (राज्यांश) उपकरणों के क्रय हेतु पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल के माध्यम से एस0एन0ए0 खाते में हस्तान्तरित किये जाने की अनुमति

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

महानिदेशक, चि0शि0 एंव प्रशि0 को निम्नांकित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों-

1. उपकरणों के प्रोपरायटरी होने का निर्धारण किये जाने का दायित्व महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 तथा संबंधित मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य का होगा। क्रय किये जाने वाले उपकरणों के स्पेशसिफिकेशन, क्रय प्रक्रिया सुनिश्चित करने का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व प्रधानाचार्य का होगा।
2. उपकरणों की गुणवत्ता, मानक के अनुसार निर्धारित करते हुये आपूर्ति प्राप्त किये जाने का दायित्व संबंधित प्रधानाचार्य का होगा।
3. उपकरणों की अनुमोदित लागत की सीमा के अंतर्गत ही उपकरणों का क्रय किया जाएगा।
4. उक्त स्वीकृत धनराशि से उपकरणों का क्रय नियमानुसार क्रय प्रक्रिया पूर्ण करके किया जाएगा। स्वीकृत की जा रही धनराशि डाकघर अथवा बैंक खाते में नहीं रखी जायेगी।
5. स्वीकृत की जा रही धनराशि का उपयोग उन्हीं कार्यमदों में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है , किन्ही अन्य कार्य/मदों पर धनराशि का व्यय अथवा व्ययावर्तन वित्तीय अनयिमितता मानी जायेगी।
6. उपकरणों क्रय हेतु उ0प्र0 शासन द्वारा निर्गत सुसंगत नियमों व शासनादेशों एवं यू0पी0 प्रोक्योरमेन्ट एण्ड गुड्स मैनुअल, 2016 में दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
7. डुप्लीकेसी से बचने हेतु उपकरण क्रय करने से पूर्व सत्यापित करा लिया जाए कि विगत 05 वर्षो में इस प्रकार के उपकरण की क्रयदारी नहीं की गई तथा उपकरण रखने हेतु स्थान संरक्षित एवं संसाधनयुक्त है।
8. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-11/2017/523/18-2-2017-97 (ल0उ0)/2016, दिनॉक 23.08.2017 में दिए गए दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
9. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-1/2018/868/18-2-2017-2 (एस0पी0)/2017, दिनॉक 15.01.2018 में विहित व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्यालयाध्यक्ष रू0 1.00 लाख तक तथा विभागाध्यक्ष द्वारा रू0 50.00 लाख क्रयाधिकार संबंधी निर्धारित सीमाओं के अन्तर्गत ही क्रय प्रक्रिया सम्पादित की जायेगी। अन्यथा की स्थिति में सक्षम स्तर का अनुमोदन प्राप्त करने के उपरान्त ही क्रयादेश निर्गत किये जायेंगे।
10. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/ बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक 17.03.2023 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
11. सुसंगत नियमों और प्राविधानों का पालन करते हुये पारदर्शी प्रक्रिया के तहत आवश्यक और उपयोगी उपकरण क्रय किये जायें। सभी उपकरणों की विशिष्टियों, गुणवत्ता, नियमानुसार युक्तिसंगत दरों के निर्धारण के साथ सम्बन्धित फर्म की शुचिता व उसका आडिट कराने आदि की जिम्मेदारी क्रय करने वाली संस्था एवं प्रधानाचार्य की होगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

12. उपकरण के क्रय हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि का उपभोग प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराते हुए अवशेष उपकरणों के क्रय हेतु धनराशि का मॉग पत्र उपलब्ध कराया जाए।

5- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2 / 2023/ बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक 17.03.2023 में प्रशासकीय विभाग को उक्त प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

(एस0 पी0 सिंह),
उप सचिव।

संख्या/तद्दिनांक, उपर्युक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. वित्त नियंत्रक, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
3. प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज, प्रयागराज।
4. वित्त नियंत्रक, राजकीय मेडिकल कालेज, प्रयागराज ।
5. वरिष्ठ कोषाधिकारी, प्रयागराज।
6. नियोजन अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
7. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(एस0 पी0 सिंह),
उप सचिव।

संलग्नक-

राजकीय मेडिकल कालेज, प्रयागराज में पी0जी0 सीट की वृद्धि हेतु विभागवार उपकरणों की सूचीः-

S. No.	Department	Equipment	Quantity	Unit Price (Approx.)	Total Cost (Approx.)
1	**Microbiology**	Microscope (Binocular with camera)	3	150000	450000
2		CO2 Incubator	1	1000000	1000000
3		Gel Documentation System	1	800000	800000
4		Computer with printer	2	100000	200000
5		Microscope with universal condenser containing oil immersion, Bright field, Phase Contrast & Dark	1	600000	600000

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

		ground			
6		Water bath with variable temperature	1	40000	40000
				Total	**3090000**
7	**Skin & VD**	Light Microscope	3	150000	450000
8		Hyfrecator/Electrosurgical instrument (RF)	1	250000	250000
9		Electro-Cautery Machine	1	225000	225000
10		Derma Abrader (Mannul)	5	30000	150000
11		PUVA therapy unit	1	300000	300000
12		Derma Abrader Equipment (Electrical)	5	70000	350000
13		Woods Lamp	1	10000	10000
14		Portable PUVA	1	10000	10000
				Total	**1745000**
15	**Psychiatary**	ECT Machine without monitor	1	950000	950000
16		Repetitive Transcranial Magnetic Stimulation (rTMS 100Hz) system	1	4000000	4000000
				Total	**4950000**
17	**Paediatrics**	USG Machine	1	2500000	2500000
18		Laminer Flow	1	50000	50000
19		Suction pump foot operated	2	20000	40000
20		Anasthesia Workstation	1	3000000	3000000
21		Weighing Machine (Heavy Duty)	1	30000	30000
22		Laryngoscope - Paediatrics	4	4000	16000
23		Examination light mobile	2	10000	20000
24		Refrigerator	1	30000	30000
25		Vacuum cleaner	2	15000	30000
26		Transcutaneous Bilirubino Meter	2	500000	1000000
27		Apnea Monitor	1	15000	15000
28		Air steriliser /Air Purifier	2	25000	50000
29		Insect killer	2	5000	10000
30		Nebulizer	10	3000	30000
31		Blower	16	3000	48000
32		Oxygen hood	5	1000	5000
33		Gun Biopsy Niddle (16F)	10	3000	30000
				Total-	**6904000**
34	**TB & Chest**	Pulse Oximeter	4	2000	8000
35		Nebulizer	4	5000	20000
36		Computerized PFT	1	1600000	1600000

http://shasanadesh.up.nic.in

		Equipment with facility of Diffusion and lung volume			
37		Syringe infusion pump	2	100000	200000
38		ECG Machine	1	100000	100000
39		Defibrillator	1	1400000	1400000
40		Pleural biopsy Needle	2	4000	8000
41		Peak Flow Meter	3	1000	3000
42		B.P. Instrument	2	3000	6000
43		Weighing Scale	2	3000	6000
44		Video Bronchoscope	1	4800000	4800000
				Total	**8151000**
45	**Ophthalmology**	Diode Laser	1	5800000	5800000
46		HR- OCT with Angio	1	10000000	10000000
47		ERG, EOG,VEP	1	8000000	8000000
				Total	**23800000**
48	**General Medicine**	Ophthalmoscope	2	35000	70000
49		Proctoscope	10	10000	100000
50		Spirometer	6	80000	480000
51		Non-invasive B.P. Apparatus	20	5000	100000
52		Defribillator	2	1400000	2800000
53		Pulse oximeter	19	2000	38000
54		Laryngoscope	10	4000	40000
55		ECG machine (12 Chhannel)	6	100000	600000
56		Arterial blood gas analyzer	1	350000	350000
57		Glucometer	9	5000	45000
58		EMG and nerve conduction velocity machine	1	250000	250000
59		Nebulizer	4	5000	20000
60		Portable Suction Machine	10	20000	200000
61		Weighing scale	17	2500	42500
62		Rubber Hammer	15	500	7500
63		Haemocytometer	6	2000	12000
64		Light Microscope	4	13000	52000
65		Haemoglobinometer	2	1500	3000
66		Photocopy machine	1	200000	200000
67		2D-Echo cardiography machine	1	3500000	3500000
				Total	**8910000**
68	**General Surgery**	Laproscopic set with ICG system	1	6400000	6400000
69		Laproscopic set (Bariatric set) 4K with ICG	1	6800000	6800000
70		Flexible cystoscope and Nephroscope with all	1	1500000	1500000

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

		accessories			
71		Laser system for surgery with Multiple probe and venous ablation probe	1	2000000	2000000
72		Thomson retractor system	1	400000	400000
73		Ultrasonic shears & Harmonic scalpel with vessel sealer	1	1800000	1800000
74		Flexible endoscope Upper GI	1	300000	300000
75		Electrosurgical Unit & Vessel sealer	2	500000	1000000
76		General Sets (8for each Operation Theatre)	24	100000	2400000
77		Anasthesia Workstation	1	3000000	3000000
78		Video Cassett Recorder/video Cassette Player/Digital medical reader	1	300000	300000
79		Anasthesia Workstation for Trauma Centre	1	3000000	3000000
				Total	**28900000**
80	**Radiodiagnosis**	Computerized Radiography system including CR Cassettes of Various sizes, CR Scanner / Reading system, Reporting work stations and dry film printer	1	2000000	2000000
81		Mobile Digital X-ray Machine with wireless flat panel (2 for Radiodiagnosis + 1 for pain clinic)	2	2500000	5000000
82		Multimedia Projector	1	150000	150000
83		Anasthesia workstation (MR compatible)	1	5000000	5000000
				Total	**12150000**
84	**Radiotherapy**	Radiotherapy simulator	1	40000000	40000000
85		Reference Class Absolute Dosimetry System with water phantom and associated accessories	1	2500000	2500000
				Total	**42500000**
				G. Total-	**141100000**

(एस0पी0 सिंह)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।